न्यायालय – संभागीय आयुक्त, बीकानेर संभाग, बीकानेर

अपील सं0 84/2009 एलआर एक्ट अनवान

1–सजना बेवा स्व.गौरीशंकर पुत्र (गोदपुत्र) धन्नाराम जाट निवासी मनाफरसर त0 लूनकरणसर जिला बीकानेर । 2–रामचन्द्र 3– भींवराम 4– राजूराम पुत्रगण व शान्ति, परमेश्वरी , उच्छब पुत्रियां गौरीशंकर

बनाम

1– गोमती
2– फूसी पुत्रीयान स्व. धन्नाराम जाति जाट निवासी मनाफरसर तहसील लूणकरनसर जि. बीकानेर
3– लाछी
4– स्टेट जरिये तहसीलदार लूणकरनसर ।

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषीयन्स जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
6.8.2019	आज यह पत्रावली अभिभाषक अपीलान्ट श्री श्यामदीन के प्रार्थना पत्र पर पेशी में ली गयी । अभिभाषक अपीलान्ट श्री श्यामदीन एवम् रेस्पोन्डेंट सं0 1 ता 3 के अभिभाषक श्री सन्तनाथ उपस्थित । अभिभाषक अपीलान्ट ने अपीलान्टान सजना वगैरह की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है अपीलान्ट एवं रेस्पोन्डेंट के मध्य लोक अदालत की भावना से आपस में राजीनामा हो चुका है । अपीलान्ट्स अब यह अपील आगे चलाना नहीं चाहते हैं । अतः अपील विड्रा की अनुमति प्रदान की जावे । हमने पत्रावली का अवलोकन किया । यह अपील तहसीलदार, भू0अ0 लूनकरणसर के आदेश दिनांक 8.8.2008 जो पटवारी हल्का को जारी किया गया, जिसके आधार पर ग्राम मनाफरसर तहसील लूणकरनसर जिला बीकानेर का विरास्तन नामान्तरकरण सं0 420 दिनांक 20.8.08 सरपंच, ग्राम पंचायत राजासर उर्फ करणीसर पं.सं. लूणकरनसर द्वारा स्वीकृत किया गया, के विरुध्द प्रस्तुत होकर इस न्यायालय में विचाराधीन है । अपीलान्टान सजना वगैरह इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते हैं तथा जरिये विड्रा खारिज करवाना चाहते हैं । अपीलान्ट के विड्रा प्रार्थना पत्र पर रेस्पोन्डेंट सं0 1ता 3 के अभिभाषक द्वारा No objection किया है । अतः यह अपील अपीलान्ट जरिये विड्रावल (Withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है । आदेश की प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड वापिस प्रेषित हो । पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो । आदेश सुनाया गया । (हस्ताक्षर) संभागीय आयुक्त बीकानेर	